University in News on 09 May 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि से जुड़े पांच जिलों के 11 नए महाविद्यालय

कार्यपरिषद की बैठक में मिली मंजूरी, कॉलेजों में 72 नए कोर्स का भी चलेंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर और लखनऊ में 11 नए महाविद्यालयों को विवि से जुड़कर संचालन की अनुमति दी है। बृहस्पतिवार को विवि में हुई कार्यपरिषद की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई। इन कॉलेजों को आगामी एक वर्ष के लिए अस्थायी सहयुक्तता प्रदान की गई है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यपरिषद में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें अनुमोदन दिया गया। जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, उनमें विभिन्न कॉलेजों में 72 नए पाठ्यक्रम शुरू करने, 26 महाविद्यालयों को स्थाई सहयुक्तता देने, 21 कॉलेजों की अस्थायी सहयुक्तता को विस्तारित करने, तीन महाविद्यालयों के नाम में परिवर्तन व अपग्रेड किए जाने संबंधी प्रस्ताव, एक महाविद्यालय में सह शिक्षा संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति देने और एक कॉलेज की सहयुक्तता समाप्त करना शामिल है।

कार्यपरिषद ने विश्वविद्यालय में नियुक्त 63 शिक्षकों के स्थायीकरण के प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद की बैठ में मौजूद कुलपति। स्रोतः विवि

नए महाविद्यालय व उनमें स्वीकृत कोर्स

1. रुक्मिणी देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ- बीए, बीकॉम।
2. पीआर मेमोरियल कॉलेज ऑफ लॉ, लखनऊ- एलएलबी तीन वर्षीय।
3. काकोरी लॉ कॉलेज, लखनऊ-एलएलबी तीन व पांच वर्षीय।
4. चंद्रभानु गुप्ता लॉ कॉलेज, बिजनौर, लखनऊ- एलएलबी तीन व पांच वर्षीय।
5. मां प्रेमा भगवती डिग्री कॉलेज, लखनऊ- बीए, बीकॉम।
6. एचएनए लॉ कॉलेज, सीतापुर- एलएलबी तीन व पांच वर्षीय।
7. भैया रमेश चंद्र बालिका महाविद्यालय सीतापुर- बीएससी।
8. पराग लॉ कॉलेज, रायबरेली- एलएलबी तीन व पांच वर्षीय।
9. बीएस एजुकेशनल लॉ कॉलेज, सीतापुर- एलएलबी तीन व पांच वर्षीय।
10. उस्मानी लॉ कॉलेज, खीरी- एलएलबी तीन व पांच वर्षीय।
11. जगदेव सिंह लॉ कॉलेज, हरदोई- एलएलबी तीन वर्षीय।

लखनऊ में पांच नए कॉलेज खुले

कार्यपरिषद ने राजधानी में लखनऊ में पांच नए महाविद्यालय खोले जाने की अनुमति दी है। इसमें तीन विधि महाविद्यालय, जबकि दो सामान्य स्नातक कोर्स वाले महाविद्यालय हैं।

लविवि के दो छात्रों को 11 लाख के पैकेज पर नौकरी

अंतरराष्ट्रीय मानव संसाधन कंपनी एडेको में हुआ चयन, वीसी ने बढ़ाया मेधावियों का उत्साह

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्रों को 11 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर नौकरी मिली है। इन दोनों छात्रों का चयन कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मानव संसाधन कंपनी एडेको में हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बृहस्पतिवार को दोनों चयनित छात्रों हिमांशु मॉल एवं करण सिंह मानरल से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

प्लेसमेंट सेल के अतिरिक्त निदेशक डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि दोनों छात्रों ने चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, एप्टिट्यूड टेस्ट, हैकथॉन, टेक्निकल इंटरव्यू एवं एचआर इंटरव्यू चरणों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि हिमांशु मॉल अभियांत्रिकी संकाय के अंतिम वर्ष में बी.टेक कंप्यूटर साइंस के छात्र हैं। वहीं करण सिंह मानरल एमसीए के छात्र हैं। डीन प्रो. एके सिंह ने दोनों छात्रों शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

एमएनसी में चयन के बाद कुलपति से सम्मानित दोनों मेधावी। स्रोतः विवि

कुलपति प्रो. आलोक को मानद उपाधि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को कर्नल कमांडेंट की मानद उपाधि से नवाजा गया। इस संबंध में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की ओर से बृहस्पतिवार को विवि के राधाकमल मुखर्जी सभागार में रैंक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीसी निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार ने उन्हें रैंक विश्वविद्यालय में एनसीसी को बढ़ावा देने और उसे स्नातक में एक विषय के रूप में शामिल करने के लिए प्रदान की। इन अवसर पर 63 यूपी बीएन एनसीसी के दोनों एएनओ मेजर प्रो. राजनीश कुमार यादव और प्रो. किरणलता डंगवाल की मौजूदगी रही। जबकि विवि के सभी विभागों के शिक्षकों व प्रशासनिक अधिकारियों की भी मौजूदगी रही। (संवाद)

लविवि: 12 कोर्स के परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत परास्नातक स्तर के 12 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमएससी वनस्पति विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, प्लांट साइंस, मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स, भूगर्भ, भौतिकशास्त्र, न्यूट्रीशियन और एमए अर्थशास्त्र, पर्सियन, मनोविज्ञान, मानव विज्ञान का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर परीक्षा सेक्शन में जाकर कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं। (संवाद)

NBT PAGE 4

एलयू वीसी को कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक

■ NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने विवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय को सम्मानित करने के लिए गुरुवार को रैंक समारोह किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. आलोक कुमार राय को कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक दी गई। उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की ओर से यह सम्मान कुलपति प्रो. राय को एनसीसी में दिए योगदान और समर्थन के लिए दिया।

एलयू में स्थायी हुए 63 शिक्षक

■ NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी में गुरुवार को कुलपति प्रफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक में 11 नए महाविद्यालयों को सहयुक्तता, 26 महाविद्यालयों को स्थाई सहयुक्तता और 21 महाविद्यालयों को अस्थाई सहयुक्तता पर मुहर लगी। महाविद्यालयों में अलग-अलग पाठ्यक्रमों को सहयुक्तता देने पर अनुमति दी गई। इसके अलावा लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीते वर्षों में नियुक्त 63 शिक्षकों के स्थायीकरण को मंजूरी दी गई।

LU: दो छात्रों को 11 लाख का पैकेज

■ NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से मिले उत्कृष्ट रोजगार अवसर में विवि के दो छात्रों का चयन अंतरराष्ट्रीय मानव संसाधन कंपनी एडेको इंडिया में हुआ। वी.टेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र हिमांशु मॉल और एमसीए अंतिम वर्ष के छात्र करण सिंह मानरल का चयन सॉफ्टवेयर इंजिनियर के पद पर हुआ। चयनित छात्रों को 11 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज दिया जाएगा।

i-NEXT PAGE 6

एलयू के स्टूडेंट्स को 11 लाख का पैकेज

LUCKNOW (8 May):लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग फैकल्टी के दो स्टूडेंट्स हिमांशु मॉल तथा करण सिंह मानरल का सिलेक्शन सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर मल्टीनेशनल कंपनी एडेको में 11 लाख के वार्षिक पैकेज पर हुआ. जिसको लेकर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, इंजीनियरिंग फैकल्टी के डीन प्रो. एके सिंह और सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की.

PIONEER PAGE 4

लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को मिली कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने गुरुवार को विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को सम्मानित करने के लिए एक यादगार रैंक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में गर्व और उत्सव का माहौल था क्योंकि कैडेट, अधिकारी, विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति और सम्मानित अतिथि विश्वविद्यालय की एनसीसी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मनाने के लिए एकत्र हुए थे।

इस समारोह का एक उल्लेखनीय आकर्षण प्रोफेसर आलोक कुमार राय को कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक प्रदान करना था। उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार द्वारा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की ओर से प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान लखनऊ विश्वविद्यालय में एनसीसी के लिए प्रोफेसर राय के उत्कृष्ट योगदान और समर्थन का प्रमाण है। लखनऊ विश्वविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 63 यूपी बीएन एनसीसी के दोनों एएनओ मेजर (प्रो.) राजेश शुक्ला और मेजर (डॉ.) किरण लता डंगवाल ने 64 यूपी बीएन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) रजनीश कुमार यादव के साथ मिलकर कार्यवाही का सक्रिय समन्वय किया। उनकी भागीदारी ने अधिकारी संवर्ग और कैडेटों के बीच महत्वपूर्ण संबंध को रेखांकित किया, जिससे एनसीसी में एकता, अनुशासन और उद्देश्य की भावना को बल मिला। समारोह का समापन अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और कुलपति के प्रेरक संबोधनों के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। इस कार्यक्रम को विभिन्न बटालियनों के कई सेना अधिकारियों, विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और एनसीसी कैडेटों की उपस्थिति रही।

एलयू वीसी को कर्नल कमांडेंट की मानद उपाधि

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय को यूपी एनसीसी निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार द्वारा रक्षा मंत्रालय की ओर से कर्नल कमांडेंट की उपाधि प्रदान की गई. प्रो. राय को ये उपाधि यूनिवर्सिटी की प्रोग्रेस में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्थन के लिए दी गई. इस कार्यक्रम को बेहद गर्व और उत्सव के साथ आयोजित किया गया, जिसमें एनसीसी के समस्त अधिकारी, प्रोफेसर्स और कैडेट्स शामिल हुए.

लविवि से जुड़े 72 कालेजों में शुरू होंगे नये कोर्स, 26 कालेज हुए स्थायी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- दो डिग्री कालेज पीजी में तब्दील एक ने किया कोर्स सरेण्डर
- 63 शिक्षकों का कार्यपरिषद ने किया स्थायीकरण

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को सम्पन्न हुई आपात कार्यपरिषद की बैठक कालेजों और शिक्षकों के नाम रही। बैठक में जहां 72 कालेजों में नये कोर्सों के संचालन को मंजूरी दी गयी, वहीं 24 कालेजों को स्थायी सहयुक्तता प्रदान की गयी। वहीं दो कालेजों को पीजी में परिवर्तित करने के निर्णय के साथ ही एक कालेज के आवेदन पर कोर्स को बंद करने पर कार्यपरिषद ने अपनी मंजूरी दी। इसके साथ ही 63 शिक्षकों का स्थायीकरण का अनुमोदन प्रदान किया गया।

विवि के मंथन कक्ष में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुल 72 कालेजों को नये कोर्स चलाने की मंजूरी दी गयी। जबकि 26 कालेजों को स्थायी सहयुक्तता प्रदान की गयी। इसके अलावा 11 नये कालेजों के संचालन को मंजूरी दी गयी। बैठक में रामा डिग्री कालेज व गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज को पीजी में परिवर्तित करने पर कार्य परिषद ने अनुमोदन दिया। वहीं गीता डिग्री कालेज के बीसीए सरेण्डर करने के आवेदन पर परिषद ने मंजूरी दे दी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में विगत वर्षों में नियुक्त कुल 63 शिक्षकों का स्थायीकरण का अनुमोदन प्रदान किया गया।

इन नये कालेजों को मिली सहयुक्तता: रूक्मणी देवी गर्ल्स डिग्री कालेज, पीआर मेमोरियल कालेज आफ लॉ, काकोरी लॉ कालेज, एच एन ए लॉ कालेज, भैया रमेश चन्द्र बालिका महाविद्यालय, पराग लॉ कालेज, बीएस एजुकेशनल लॉ कालेज, चन्द्रभानु गुप्ता लॉ कालेज, उस्मानी लॉ कालेज, श्री जगदेव सिंह लॉ कालेज, मां प्रेमा देवी भगवती डिग्री कालेज शामिल है। इन कालेजों को बीए, बीकॉम, एलएलबी, बीएससी, एलएलबी ऑनर्स के संचालन को मंजूरी दी गयी है।

राजधानी के इन पुराने कालेजों में शुरू होंगे नये कोर्स: शिया पीजी कालेज, सिटी लॉ कालेज जानकीपुरम में एलएलएम, जय नारायण पीजी कालेज में एमएससी जुलोजी, मैथ व एलएलबी ऑनर्स, खुनखुनजी गर्ल्स डिग्री कालेज में एमए समाजशास्त्र, टेक्नो इंस्टीट्यूट में एमबीए, रामा डिग्री कालेज में बीसीए, गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज में बीवीए शामिल हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

खुलेंगे 11 नए कालेज, 72 नए पाठ्यक्रम भी शुरू होंगे

लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई कार्य परिषद की बैठक में कालेज, पाठ्यक्रम व सहयुक्तता के 135 प्रस्ताव मंजूर

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर कालेजों में अपना दायरा बढ़ाया है। गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय ने नए कालेज और पाठ्यक्रम खोले जाने सहित पूर्व से संचालित विषयों को स्थायी व अस्थायी सहयुक्तता देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय में बीते वर्षों में 20 विभागों में नियुक्त कुल 63 शिक्षकों के स्थायीकरण का अनुमोदन भी दिया गया।

लविवि के मंथन हाल में हुई कार्य परिषद की बैठक में लखनऊ सहित विभिन्न जिलों में 11 नए कालेजों और 72 नवीन पाठ्यक्रमों के साथ 26 संस्थानों में संचालित विषयों को स्थायी और 21 कालेजों को एक वर्ष के लिए अस्थायी सहयुक्तता विस्तारित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। तीन कालेजों के नाम में परिवर्तन, एक कालेज में सहशिक्षा की अनुमति देने और एक कालेज की ओर से बीसीए पाठ्यक्रम की सहयुक्तता समाप्त किए जाने सहित इससे जुड़े 135 प्रस्ताव मंजूर किए गए। 11 नए कालेजों को सहमति मिलने के बाद अब सम्बद्ध कालेजों की संख्या 572 हो गई है।

कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक मिलने के बाद लवि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय कार्य परिषद सदस्यों के साथ • लवि

नए कालेजों में इन कोर्स को मंजूरी : लवि ने जिन 11 नए कालेजों को मंजूरी दी है उनमें रुक्मणी देवी गर्ल्स डिग्री कालेज बीकेटी में बीए व बी.काम, मां प्रेमा भगवती डिग्री कालेज, कसमंडी कला, मलिहाबाद में बी.ए, बी.काम, भैया रमेश चंद्र बालिका महाविद्यालय महमूदाबाद, सीतापुर में बीएससी कोर्स संचालित होगा। पीआर मेमोरियल कालेज आफ ला, बेटा लखनऊ, काकोरी ला कालेज लखनऊ, एचएनए ला कालेज सीतापुर, पराग ला कालेज रायबरेली, बीएस एजुकेशनल ला कालेज, पकरिया खैराबाद सीतापुर, चंद्रभानु गुप्ता ला कालेज बिजनौर लखनऊ, उस्मानी ला कालेज खीरी, श्री जगदेव सिंह ला कालेज, अतरौली हरदोई में विधि की पढ़ाई शुरू होगी। वहीं, सोबरन सिंह कन्या महाविद्यालय, खीरी में अब स्नाः शिक्षा की अनुमति मिल गई है।

ये हैं विभाग जिनके शिक्षक हुए स्थायी : लवि के 20 विभागों में शामिल अंग्रेजी के छह, जूलाजी छह, जर्नलिज्म एक, वेस्टर्न हिस्ट्री दो, लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस एक, एआइएच पांच, जियोलाजी चार, एंथ्रोपोलाजी तीन, केमिस्ट्री चार, पालिटिकल साइंस छह, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एक, एजुकेशन पांच, सोशल वर्क दो, सोशियोलाजी एक, हिंदी तीन, साइकोलाजी एक, अप्लाइड इकोनामिक्स एक, मेडियियल एंड माडर्न हिस्ट्री एक, वाटनी दो और ला में 11 शिक्षक शामिल हैं।

लवि : दो छात्रों को 11 लाख का वार्षिक पैकेज

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से प्राप्त उत्कृष्ट रोजगार अवसर में विश्वविद्यालय के दो छात्रों का चयन अंतरराष्ट्रीय मानव संसाधन कंपनी एडेको इंडिया में हुआ है। प्लेसमेंट सेल के अतिरिक्त निदेशक डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि अभियांत्रिकी संकाय के अंतिम वर्ष के बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र हिमांशु माल व एम.सीए अंतिम वर्ष के छात्र करण सिंह मानरल का चयन साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है।

वीसी आफिस में गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दोनों छात्रों को सम्मानित किया। चयनित छात्रों को 11 लाख रुपये वार्षिक का आकर्षक वेतन पैकेज प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह एवं केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने भी दोनों को शुभकामनाएं दीं।

प्रो. आलोक राय को कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक

प्रो. आलोक राय को सम्मानित करते यूपी एनसीसी निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार • लवि

जासं • लखनऊः लवि के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की ओर से कुलपति को मानद उपाधि व रैंक देने के लिए गुरुवार को रैंक सेरेमनी का आयोजन हुआ। जैसे ही कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को कर्नल कमांडेंट की मानद रैंक से सम्मानित किया गया, समाज कार्य विभाग का राधा कमल मुकर्जी सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कुलपति को सम्मानित करने के लिए सभागार में उत्सव जैसा माहौल रहा। वहीं, उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार की ओर से भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की ओर से दिया गया यह प्रतिष्ठित सम्मान कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहा। यह सम्मान विश्वविद्यालय के लिए कुलपति के बेहतर योगदान का प्रमाण भी है। इस अवसर पर 63 यूपी बीएन एनसीसी के दोनों एएनओ मेजर प्रो. राजेश शुक्ला और मेजर डा. किरण लता डंगवाल व 64 यूपी बीएन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डा. रजनीश कुमार यादव सहित विभिन्न बटालियन के कई सेना अधिकारी, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आदि मौजूद रहे।

छात्रा को सम्मान : केकेसी में गुरुवार को प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा ने सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली कालेज में बीए दूसरे सेमेस्टर की छात्रा तुलसी यादव को सम्मानित किया। छात्रा ने 27 फरवरी से एक मार्च तक हुई प्रतियोगिता, प्रथम फेडरेशन चैंपियनशिप और 24 से 29 अप्रैल के सीनियर अंडरवेट 53 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। था।

एलएलएम, एमएससी वाटनी व फिजिक्स की परीक्षाएं 22 से

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को परास्नातक के चार विषयों की परीक्षा तिथियों में संशोधन के साथ 15 विषयों का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। एलएलएम, एम.एससी वाटनी, फिजिक्स आदि विषयों की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होंगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

THE PIONEER PAGE 2

LU VC conferred honorary rank of Col Commandant

PIONEER NEWS SERVICE ■ Lucknow

Lucknow University Vice-Chancellor, Professor Alok Kumar Rai was conferred the honorary rank of Colonel Commandant by the Uttar Pradesh NCC Directorate at a ceremony organized by the university's National Cadet Corps. "This prestigious honour, conferred by ADG of the Uttar Pradesh NCC Directorate, Major General Vikram Kumar, on behalf of the Ministry of Defence, is a testament to Prof Rai's unwavering support and outstanding contributions to the NCC at Lucknow University. His visionary leadership has been instrumental in nurturing a dynamic and disciplined NCC environment on campus," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 3, 5

आपरेशन सिंदूर में मातृ शक्ति ने किया सराहनीय कार्य : प्रो. आलोक

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि भारतीय सेना में देशभक्ति का जज्बा कूट-कूट कर भरा है। ऑपरेशन सिंदूर से न सिर्फ भारत का मान बढ़ा है, बल्कि देश की जनता और सेना का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया है। हमारा इतिहास भी महिलाओं की वीर गाथाओं को सुनता चला आया है। इस बार भी मातृ शक्ति ने यह बेहतरीन प्रयास किया है। ऑपरेशन सिंदूर ने काफी सराहनीय काम किया है। आतंकियों ने हमारी बहन, बेटियों का सिंदूर मिटाने का काम किया, अब सेना की बेटियां भी उसका मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं। लविवि ने भी पहलगाम आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों के बच्चों को निःशुल्क पढ़ाई व अन्य सुविधाएं देने का संकल्प लेकर भारतीय परंपरा का फर्ज निभाया है।

लविवि कार्य परिषद में 11 नए कॉलेजों व 72 नए पाठ्यक्रमों को मिली मान्यता

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को आकस्मिक कार्य परिषद में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उम्मीद लगाए बैठी अंग्रेजी विभाग की एक सहायक आचार्या, लाइब्रेरी साइंस के एक सह आचार्य, व्यवहारिक अर्थशास्त्र की एक सह आचार्या और सांख्यिकी विभाग की एक सह आचार्या का स्थायीकरण नहीं हो पाया है। अब यह सभी लूटा के नए पदाधिकारियों के समक्ष ही अपनी परेशानी को रखने की बात कह रहे हैं।

63 शिक्षकों का स्थायीकरण, चार का रुका

कार्य परिषद में 11 नये कॉलेजों, समेत 72 नए पाठ्यक्रमों, 26 को स्थायी संबद्धता, 21 की अस्थायी संबद्धता को विस्तार दिया गया है। इसी तरह तीन कॉलेजों के नाम परिवर्तन, एक कॉलेज को सहशिक्षा सहित नाम बदलने की अनुमति भी मिली है। लविवि प्रशासनिक भवन के मंथन कक्ष में विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी।

विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वैठक में वीते वर्षों में नियुक्त कुल 63 शिक्षकों के स्थायीकरण का अनुमोदन दिया गया। इसमें अंग्रेजी विभाग के छह, प्राणिशास्त्र के तीन, विधि के 11, वनस्पति विज्ञान के दो, एमआईएच के एक, अप्लाइड इकोनॉमिक्स के एक, समाज कार्य के दो, फिजियोलॉजी के एक, विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के एक, हिन्दी के तीन, मानव विज्ञान के तीन, राजनीति विज्ञान के छह और शिक्षाशास्त्र के पांच सहायक आचार्यों का नाम शामिल है। इसी तरह रसायन विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, लाइब्रेरी साइंस, भूगर्भ समेत कई अन्य विभागों में सह आचार्य और सहायक आचार्यों का स्थायीकरण हुआ है। जवकि कार्य परिषद ने चार शिक्षकों के स्थायीकरण पर अनुमोदन नहीं दिया। वैठक में 72 नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति दी गई है। इसमें रामा डिग्री कॉलेज को वीएससी, टेक्नो में एमवीए, सिटी लॉ कॉलेज जानकीपुरम व शिया पीजी कॉलेज को एलएलएम, केकेसी में एलएलवी ऑनर्स, वीसीए, एमएससी प्राणिशास्त्र, एमएससी गणित, वीए भूगोल, मनोविज्ञान और अटल विहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज को वीए मानव विज्ञान व समाज कार्य विषय की संबद्धता दी गई है। इसी तरह गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वीएफए चंद्रभान गुप्ता कृषि महाविद्यालय को वीवीए और खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में एमए समाजशास्त्र को शुरू करने के प्रस्ताव पर भी संस्तुति दी गई है।

AMRIT VICHAR PAGE 8

समाजशास्त्र और मनोविज्ञान के छात्र करेंगे 1090 और 112 पर शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शोध निष्कर्षों को समाज कल्याण मंत्रालय को सौंपा जाएगा
- समाज कल्याण राज्य मंत्री की पहल पर किया जाएगा शोध

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र विमन पॉवर लाइन 1090 और पीआरवी 112 पर आने वाले कॉल को लेकर शोध करेंगे। इसके लिए समाज कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने खुद पहल किया है कि इन नंबरों पर प्रदेश भर के लोग अपनी समस्याओं को लेकर फोन करते हैं जिसका एक डाटा तैयार हो चुका है। इस डाटा पर शोध होना चाहिए और उसके निष्कर्ष का लाभ सरकार को मिलना चाहिए। जिससे उसी अनुरूप नीतियों का निर्माण किया जा सके और आम लोगों को इसका लाभ मिल सके। पुलिस विभाग के वूमेन हेल्प लाइन 1090 पर जहां महिलाओं के फोन प्रदेश के विभिन्न जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी आते हैं तो वहीं 112 पर भी लोग अपनी समस्या को लेकर फोन करते हैं। जिसमें बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों का वृहद डाटा तैयार हो चुका है।

इन नंबरों पर प्रदेश भर से सर्वाधिक किस समस्या को लेकर फोन आते हैं और उनका निराकरण किस प्रकार किया जाए इन सभी बातों को लेकर मनोविज्ञान विभाग, समाजशास्त्र विभाग आदि शोध शुरु करेंगे। गत दिनों मनोविज्ञान विभाग के एक कार्यक्रम में राज्यमंत्री असीम अरुण ने इसका निवेदन शिक्षकों और छात्रों से किया था। विमन पॉवर लाइन पर कुछ समय पूर्व तक सर्वाधिक शिकायतें शोहदों को लेकर आती थी। जिनमें स्कूल कॉलेज जाने वाली छात्राओं के शिकायतें सर्वाधिक होती थी। हालांकि बाद में इसका उपयोग पारिवारिक समस्याओं को लेकर भी किया जाने लगा है। इसी प्रकार बुजुर्गों की शिकायतों में परिवारिक समस्याएं से लेकर प्रापर्टी विवाद और सरकारी कार्यालयों की उदासीनता आदि को लेकर है। इन सभी समस्याओं पर अलग-अलग डाटा तैयार कर उसपर शोध को बढ़ावा दिया जाएगा।

1090 पर रोजाना करीब 7 हजार शिकायतें

वर्ष 2020 से 2025 तक वूमेन पॉवर लाइन 1090 पर रोजाना करीब 7 से 8 हजार शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। महिला सहायता, सुरक्षा के लिए शुरू की गई हेल्पलाइन में बाद में पारिवारिक समस्याएं भी जोड़ दी गई। जिसपर अनेक प्रकार शिकायतें पति अथवा सास- ससुर के उत्पीड़न आदि की समस्याएं भी आने लगी है। इसे सम्हालने के लिए 150 महिला कर्मचारी प्रतिदिन हजारों कॉल अटैंड करती हैं।

112 पर सवा लाख कॉल रोज की क्षमता

आपातकालीन सहायता जैसे पुलिस, अग्निशमन, एंबुलेंस आदि की सहायता लेने के लिए 112 नंबर की प्रतिदिन कॉल रिसीव की क्षमता एक लाख से अधिक है। प्रदेश भर से 112 नंबर पर कॉल आती है और विभिन्न आय, उम्र, लिंग और क्षेत्र के आधार पर इसका भी डाटा बनाया जाता है।

लखनऊ विवि : कार्यपरिषद की बैठक में 63 शिक्षक हुए स्थायी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 26 महाविद्यालयों को मिली स्थाई सहयुक्तता, 72 पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी
- एक कॉलेज की सहयुक्तता खत्म करने का भी हुआ निर्णय

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक का आयोजन किया गया। जिमसें महाविद्यालयों की सहयुक्तता समेत नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी प्रदान की गई। कार्य परिषद की बैठक में विभिन्न विभागों में 63 शिक्षकों को स्थायी किया गया। कार्यपरिषद की बैठक विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नए महाविद्यालयों को सहयुक्तता, कुछ महाविद्यालयों को स्थाई सहयुक्तता, कुछ महाविद्यालयों को अस्थाई सहयुक्तता, कुछ महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों को सहयुक्तता आदि पर निर्णय किया गया। विश्वविद्यालय में विगत वर्षों में नियुक्त कुल 63 शिक्षकों का स्थायीकरण का अनुमोदन भी कर दिया गया।

जिन 11 नए महाविद्यालयों को मान्यता दी गई उनमें रुक्मणी देवी गर्ल्स डिग्री कालेज, बीकेटी को बीए और बीकॉम के लिए सत्र 2025-26 से तीन वर्षो के लिए अस्थाई सहयुक्तता प्रदान की गई है। पीआर मेमोरियल कालेज ऑफ लॉ, बेहटा को विधि त्रिवर्षीय सत्र 2025-26 से तीन वर्